चिकित्सा अधिकारियों के 1100 पदों पर भर्ती की समीक्षा

स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाएं : शुक्ल

पांच सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कैंसर उपचार सुविधाओं का होगा विस्तार



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चिकित्सकों और विशेषज्ञों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए स्वीकृत पदों पर नियुक्ति और विभागीय स्तर पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए। भोपाल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों की भर्ती, पदस्थापना, मेडिकल कॉलेजों में अधोसंरचना विकास और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के विस्तार की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों के 1100 पदों पर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से होने वाली सीधी भर्ती की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी करने और साक्षात्कार की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। प्रतीक्षा सूची से पात्र अभ्यर्थियों के चयन और इन-सर्विस पीजी चिकित्सकों की बांड पर पदस्थापना की कार्यवाही की भी समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पांच पुराने शासकीय मेडिकल कॉलेजों में मेडिकल ऑन्कोलॉजी और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभागों के विकास तथा लाइनैक मशीन की उपलब्धता संबंधी कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कैंसर उपचार के लिए आधुनिक उपकरण और विशेषज्ञ सेवाएं विकसित करने को प्राथमिकता देने की बात कही।


स्कूटर से बाइक की टक्कर एक की मौत, दो घायल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सूखीसेवनिया थाना इलाके में तेज रफ्तार स्कूटर ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। भदभदा क्षेत्र स्थित बावड़ी के पास रविवार दोपहर में हुए इस हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूखीसेवनिया थाना पुलिस के मुताबिक टीलाखेड़ी,विदिशा निवासी 38 वर्षीय राजू पुत्र लालाराम सहेले निजी काम करता था। रविवार सुबह वह बाइक से सीहोर में पारिवारिक गमी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से रवाना हुआ था। दोपहर लगभग 12:30 बजे वह विदिशा-भोपाल रोड स्थित बावड़ी के सामने पहुंचा था, तभी सामने से आ रही स्कूटर ने बाइक में टक्कर मार दी थी।

हादसे में राजू की मौके पर ही मौत हो गई थी। साथ ही स्कूटर सवार अभिषेक और अक्षय नाम के युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों भोपाल से सांची घूमने के लिए जा रहे थे।

श्री मुक्तेश्वर महाकाल अपनी राजसत्ता प्रभु श्रीनाथजी को सौंपने पधारे

श्रीजी के मंदिर लखेरापुरा में हुआ हरिहर मिलन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः वैकुंठ चतुर्दशी के पावन पर्व पर श्री मुक्तेश्वर महाकाल अपनी राजसत्ता प्रभु श्रीनाथजी को सौंपने में पधारे। ऐसी मान्यता है कि चतुर्मास के समय विष्णु जी शयन करते हैं तो पूरी सृष्टि का भार भगवान शंकर को सौंपते हैं।

देव प्रबोधिनी एकादशी पर जब प्रभु जागते हैं तो वैकुंठ चतुर्दशी के दिन शंकर जी प्रभु को सत्ता सौंपने पधारते हैं। लखेरापुरा स्थित श्रीजी का मंदिर के मुखिया पंडित श्रीकांत शर्मा ने बताया कि सोमवार कौ भगवान श्री मुक्तेश्वर महाकाल शिव धाम छोला विश्राम घाट से पूरे लाव लश्कर के साथ शाम को श्री जी मंदिर पधारे। मुखिया हेमकांत जी ने प्रभु श्री नाथजी को शिव जी की तरफ से बेलपत्र की माला समर्पित कर दुपट्टा पहनाया। तत्पश्चात शिव जी को तुलसी की माला समर्पित कर दुपट्टा पहनाया गया। इस अवसर पर मठरी मोहनथाल का भोग लगाया गया। प्रभु श्रीनाथजी की आरती करके मुक्तेश्वर महाकाल की आरती की गई। इसके साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हरिहर मिलन की परंपरा को संपन्न किया गया। श्री मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर के गोपाल कृष्ण पुरोहित ने वैकुंठ चतुर्दशी का महत्व बताकर शंकर जी को वापस रथ में विराज कर छोला विश्राम घाट के लिए रवाना हुए। इस दौरान विशेष तौर पर गन्ने के रस का प्रसाद वितरण किया गया।

सूर्यदेव के नामों के यज्ञ से मिलता है राजयोग के समान फलः देवानी

बजरंग सेना समिति ने सूर्यदेव के नाम का किया हवन



नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः बजरंग सेना समिति द्वारा विधि-विधान से भगवान श्री सूर्यदेव के नामों का हवन यज्ञ संपन्न कराया गया, जिसके उपरांत भगवान श्री गणेश की आरती कर प्रसादी वितरित की गई। समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने कहा कि भगवान सूर्यदेव का हवन करने से कुंडली में सूर्य ग्रह को बल मिलता है, जिससे साधक को राजयोग के समान शुभ फल प्राप्त होते हैं। वहीं, पंडित राजकुमार गर्ग ने सूर्य उपासना का महत्व बताते हुए कहा कि सुबह की हल्की धूप शरीर को विटामिन-डी प्रदान कर हड्डियों, आंखों और हृदय को स्वस्थ रखती है, जबकि जल की धार से छनकर आने वाली किरणें आंखों को राहत देने के साथ दिनभर ऊर्जा और अनुशासन बनाए रखती हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने कमलेश देवानी को वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं।

खंडहर मकान में जमी थी जुए की फड़, 12 गिरफ्तार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः स्टेशन बजरिया थाना पुलिस ने रविवार रात एक खंडहर मकान में छापा मारकर वहां जुआ खेल रहे 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से ताश पत्तों के अलावा 37 हजार रुपये जब्त किए हैं। स्टेशन बजरिया थाना पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली थी कि झण्डा चौक चाँदबड़ पर विवेक शर्मा के खण्डहरनुमा एक मकान में कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से सभी को हिरासत में ले लिया। एक निगरानी बदमाश अभिषेक अहिरवार भी शामिल है। मौके से पुलिस ने 36,780 रुपये नकद बरामद किए।

संत नामदेव सामुदायिक भवन के नवनिर्माण के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में जवाहर चौक स्थित संत नामदेव सामुदायिक भवन में भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान उदयपुरा के समाजसेवी लक्ष्मी नारायण नामदेव ने सामुदायिक भवन के नवनिर्माण के लिए पांच लाख रुपये का दान देने की घोषणा की। इससे समाज बंधुओं में विशेष उत्साह का संचार हुआ। नामदेव समाज विकास परिषद मध्य प्रदेश के प्रवक्ता शिवरतन नामदेव ने बताया कि नामदेव महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। इसमें प्रदेश के कई जिलों से आए समाजबंधु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान परिषद के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नामदेव (गाडरवारा) ने मंच से प्रदेशभर के समाजसेवी एवं समाजबंधुओं से अपनी सामर्थ्य के अनुसार सामुदायिक भवन के नवनिर्माण में सहयोग देने का आह्वान किया। इस पर उदयपुरा से पधारे समाजसेवी लक्ष्मी नारायण नामदेव पांच लाख रुपये देने की घोषणा की।

खौलते हुए दूध से झुलसे मासूम ने पांच दिन बाद दम तोड़ा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बैरसिया थाना क्षेत्र में पांच दिन पहले घर में खेलते समय दो वर्ष के बालक पर खौलता हुआ दूध गिर गया था। बुरी तरह से झुलस गए मासूम को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान रविवार शाम को उसकी मौत हो गई। बैरसिया थाना पुलिस के मुताबिक भानपुर के अटल नेहरू नगर निवासी वसीम अली निजी काम करते हैं। पिछले दिनों वह परिवार के साथ बैरसिया के इस्लामपुरा स्थित अपनी ससुराल गए थे। 17 नवंबर को दोपहर के समय उनका दो वर्ष का बेटा अब्दुल हादी अली कमरे में खेल रहा था। उसी समय खौलते हुए दूध का बर्तन कमरे में फर्श पर ठंडा होने के लिए रखा गया था। खेलने के दौरान मासूम पीछे की तरफ हटते हुए अचानक दूध के बर्तन से टकरा गया। बर्तन के उलटने से गर्म दूध अब्दुल हादी पर गिर गया। इससे उसके शरीर का पिछला हिस्सा बुरी तरह झुलस गया था। उसे उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार शाम साढ़े छह बजे बच्चे की मौत हो गई।

विधानसभा में 26 नवंबर को मनेगा 77वां संविधान दिवस उत्सव-2026

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश विधानसभा में 26 नवंबर को 77वां संविधान दिवस उत्सव-2026 आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर अध्यक्षता करेंगे। संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय विशेष अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं के गणमान्य अतिथि भी उपस्थित होंगे। समारोह की शुरुआत सुबह 11 बजे विधानसभा परिसर में गेट नंबर पांच के समीप स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगी। इसके बाद विधानसभा में नवनिर्मित संविधान गैलरी का उद्घाटन और अवलोकन किया जाएगा। इस गैलरी में संविधान सभा का समूह चित्र और संविधान निर्माण में मध्य प्रदेश के योगदान को दर्शाने वाले चित्र प्रदर्शित किए जाएंगे।

अंधत्व नियंत्रण के लिए सेवासदन को भोपाल उत्सव मेले समिति ने किया सम्मानित

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को भोपाल उत्सव मेला समिति द्वारा लगाये गये मेले का शुभारंभ किया। मेला समिति की ओर से विधायक भगवानदास सबनानी ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के पदाधिकारियों हीरो ज्ञानचंदानी और महेश दयारामानी को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, महामंत्री सुनील जैनाविन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बता दे इस साल समिति की ओर से सेवा सदन द्वारा वर्षाकाल 2026 में 479 निर्धन रोगियों के निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन किये गए। मेला समिति विगत अनेक वर्षों से न केवल मेले का आयोजन करती है बल्कि मेले के साथ सांस्कृतिक संवर्द्धन और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहती है। ऐसे समाज सेवा के कार्यों में मेला समिति को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय जैसी संस्थाएं सहयोग करती हैं।



सेवा सदन ने वर्षाकाल में निःशुल्क ऑपरेशन करने के लिए षहर में कुल 10 शिविर लगाये, उनमें मोतियाबिंद के चिन्हित 479 रोगियों के ऑपरेशन किए गए। मेला समिति समय-समय पर सेवा सदन को चिकित्सा उपकरणों के लिए भी आर्थिक सहायता प्रदान करती है। हीरो ज्ञानचंदानी ने अपने सम्मान के प्रत्युत्तर में कहा कि सेवा सदन भविष्य में भी मेला समिति के साथ मिलकर अंधत्व नियंत्रण के क्षेत्र अपनी निरंतर सेवाएं देने के लिए तत्पर रहेगा।

श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष बने रमेश

हिरदाराम नगर। श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर कमेटी संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ के त्रैवार्षिक आम चुनाव हुए, जिसमें 217 में से 185 सदस्यों ने उपस्थित होकर मतदान कर अध्यक्ष के चुनाव में सक्रिय रहे। चुनाव अधिकारी अशोक अजमेरा, सहायक चुनाव अधिकारी में अनिल अजमेरा एवं धर्मेन्द्र जैन ने महती भूमिका निभाई अध्यक्ष पद के लिए रमेश कुमार जैन को बहुमत के आधार पर विजयी घोषित किया गया ।

युवा संसद में नशामुक्त भारत पर युवाओं ने रखे विचार

नप्र, भोपालः मेरा युवा भारत की ओर से नूतन कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया गया। इसका मुख्य विषय 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' रहा। कार्यक्रम में युवाओं ने नशे के दुष्प्रभावों और नशामुक्त समाज के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका पर विचार रखे। विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी और मेरा युवा भारत मध्य प्रदेश के राज्य निदेशक मंगल राम जाखड़ उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने प्रभावशाली वक्तव्यों के माध्यम से नशामुक्त भारत का संदेश दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देकर स मानित किया गया।

श्रीराम जानकी जन कल्याण समिति की नई कार्यकारिणी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विद्या नगर, बागमुगालिया स्थित श्रीराम जानकी जन कल्याण समिति के चुनाव 22 नवंबर को संपन्न हुए। चुनाव में केके तिलकन को अध्यक्ष, सीएस सिंह को उपाध्यक्ष, राधेश्याम झारिया को सचिव, योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष और श्यामलाल साहू को सहसचिव चुना गया। वहीं, संचालक मंडल में पीएल विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, घनश्याम दास करोड़े, अतुल कुमार जोशी, रजनी खेरा और सीमा सिंह को शामिल किया गया।

कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा को मिला कैबिनेट मंत्री का दर्जा

मोहन सरकार में मंत्री का दर्जा पाने वाले दूसरे नेता बने, सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा पाने वाले रमेश चंद्र शर्मा दूसरे नेता हैं। उनसे पहले राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया को यह दर्जा दिया गया था। मोहन सरकार में निगम, मंडल, बोर्ड और प्राधिकरणों के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों को सामान्य रूप से मंत्री का दर्जा नहीं दिया गया है। वहीं, राज्य वित्त आयोग की संवैधानिक व्यवस्था के तहत अध्यक्ष को नियुक्ति के साथ ही कैबिनेट मंत्री का दर्जा देने का प्रावधान है।

'निरामिष दिवस' पर 25 को निकलेगी रैली

हिरदाराम नगर। साधु वासवानी स्कूल में दादा टी.एल. वासवानी का जन्मदिवस 25 नवंबर को मनाया जाएगा।

विद्यालय के समस्त विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं गणमान्य नागरिक दादा टी.एल. वासवानी जी के आदर्शों पर चलने तथा जीवों के प्रति दया, प्रेम, करुणा एवं अहिंसा का भाव रखने का संकल्प लेंगे।

मानव संग्रहालय में आज सजेगी सितार-सरोद की जुगलबंदी, पूनम-44 आयोजन

मोहन ब्रदर्स लक्ष्य मोहन और आयुष मोहन देंगे प्रस्तुति, कार्तिक पूर्णिमा पर गूंजेगा संगीत



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम 'पूनम-44' का आयोजन होगा। इसमें प्रसिद्ध सितार वादक लक्ष्य मोहन और सरोद वादक आयुष मोहन जुगलबंदी प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में दोनों कलाकारों के साथ तबले पर हिमांशु महंत और पखावज पर ध्यानेश्वर देशमुख संगत करेंगे। मोहन ब्रदर्स के नाम से प्रसिद्ध लक्ष्य और आयुष सेनिया-मैहर घराने से जुड़े हैं। दोनों सितार और सरोद की पारंपरिक जुगलबंदी को नई पहचान दिलाने के लिए जाने जाते हैं। संगीत संध्या शाम 6:30 बजे संग्रहालय के झील की ओर स्थित आवृत्ति भवन के मुक्ताकाश मंच पर शुरू होगी। पूर्णिमा की रात खुले आसमान के नीचे होने वाली यह प्रस्तुति श्रोताओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगी।

अर्जुन मुंडा की माताजी के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की माताजी श्रीमती सायरा मुंडा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि इस कठिन समय में उनकी संवेदनाएं पूरे शोकाकुल परिवार के साथ हैं।

उन्होंने देवाधिदेव महादेव से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

संग्रीला हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी नर्मदा पुरम रोड भोपाल
निविदा आमंत्रण
कॉलोनी के अंदर 140 मीटर सीवेज लाइन का निर्माण, लगभग 550 मीटर सीमेंट सड़क निर्माण और एवं पार्क क्रमांक 1 में 4 फिट चौड़ी पेवर ब्लॉक बिछाना के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है कृपया सात दिवस के अंदर समिति के कार्यालय में निविदा जमा करें
अध्यक्ष
संग्रीला हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी

जाहिर सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सभी विक्रेतागणों (1) श्री राय सिंह आत्मज नन्नूलाल (2) श्रीमती कमला बाई बेवा महाराज सिंह, (3) श्री अतुल आ. श्री रायसिंह, (4) श्री शुभम आत्मज श्री महाराज सिंह एवं (5) श्री शोभित आत्मज श्री महाराज सिंह, समस्त जाति-दागी, समस्त निवासी व कृषक ग्राम बिछिया तह. दोराहा जिला सीहोर म.प्र. से उनके स्वत्व व स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि ग्राम बिछिया तह. दोराहा जिला सीहोर म.प्र. पटवारी हल्का न... राजस्व निरीक्षक मंडल 02, विकासखंड सीहोर में स्थित है, जिसके खसरा क्र. 384/1/2 किता 01 कुल रकबा 1.0110 है. एवं खसरा क्र. 384/1/1 किता 01 रकबा 1.0120 हेक्टर एवं खसरा क्र. 384/11 किता 01 रकबा 0.3230 हेक्टर एवं खसरा क्र. 384/13/1 किता 01 रकबा 1.2140 हेक्टर एवं खसरा क्र. 384/13/2 किता 01 रकबा 0.6070 हेक्टर एवं खसरा क्र. 384/13/3 किता 01 रकबा 0.6070 हेक्टर, इस प्रकार कुल किता 06 कुल रकबा 4.774 हेक्टर यानी (रकबा 11.79 एकड़) भूमि को उपरोक्त भूमिस्वामियों/विक्रेतागण ने मेरे पक्षकार को उक्त वर्णित कृषि भूमि को पूर्णतः पाक-साफ होना बताया, उक्त आधार पर मेरे पक्षकार श्रीमती सीमा हरदेनिया पत्नी श्री प्रदीप हरदेनिया, आयु व्यस्क, निवासी-गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म.प्र. ने उपरोक्त भूमि को क्रय करने हेतु अग्रिम राशि का भुगतान उपरोक्त वर्णित भू-स्वामियों/विक्रेतागण को कर दिया है, यदि उक्त संपत्ति अथवा उसके किसी भाग पर किसी भी अन्य व्यक्ति, हिस्सा, बंटवारा, दान, वसीयत, बंधक, बयाना, न्यायालयीन स्थगन या अन्य किसी भी प्रकार का कोई उज्ज, आपत्ति या दावा या कोई स्वत्व-स्वामित्व, आधिपत्य, विक्रय अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र, बंधक या किसी भी प्रकार का कोई अंतरण हो तो वह मुझे इस जाहिर सूचना/आम सूचना के प्रकाशन से सात दिन की अवधि में मय प्रमाणित दस्तावेजों के लिखित रूप में आपत्ति मुझ अधोहस्ताक्षर कर्ता (वकील) के कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे, यदि मुझे इस अवधि में कोई लिखित आपत्ति प्राप्त नही हुई तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को क्रय करने के लिए निर्धारित समय अवधि में विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा तथा उस परिस्थिति में बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
विवेक भार्गव, अधिवक्ता
पता- 7/7, अंजलि कॉम्प्लेक्स, साउथ टी. टी. नगर, भोपाल (म.प्र.) -462003
Mob. 8770583840
4099

In The Court of Additional Principal Judge, Family Court, District Court Bhopal (M.P.)
Presiding Officer: (शरद भामकर)
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
RCS HM-335/2026
सचिन सिंह विरुद्ध श्रीमती निकिता शास्त्री
सचिन सिंह.....**आवेदक**
श्रीमती निकिता शास्त्री.....**अनावेदक**
पेशी दिनांक 23.12.2026
प्रेषिती-श्रीमती निकिता शास्त्री पत्नी श्री सचिन सिंह, पिता श्री सुनील शास्त्री आयु-33 वर्ष, निवासी आई-105/59, 5 नंबर बस स्टॉप, शिवाजी नगर भोपाल, म.प्र.
यह कि प्रार्थी **सचिन सिंह** ने आपके विरुध धारा 13 हि. वि. अधिनियम 1988 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तरी देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरीक्षा का लिखित करण प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मूजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से कराने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 23.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
कृपया ध्यान दें: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
शरद भामकर,न्यायाधीश
पथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय भोपाल (म.प्र.)
4095

जाहिर सूचना
यह कि एक किता आवासीय फ्लैट क्र. - 203, तृतीय तल, ब्लॉक-बी स्टार, सागर रॉयल हाईट्स, पॉकेट-3 सागर रॉयल विलास, ग्राम-बावड़िया कलां, वार्ड नंबर-53, पटवारी हल्का नं.-42, तहसील - कोलार (पुरानी हुजूर) जिला-भोपाल मध्यप्रदेश में स्थित है के संबंध में जाहिर सूचना
मेरे द्वारा मेरे पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार (1) श्रीमति नंदिता रावत पत्नी श्री शैलेष रावत तथा पुत्री स्व. श्री अजीत कुमार दुबे आयु-वयस्क निवासी मकान नंबर-109, वसंत आपार्टमेंट, गुरूगांव, हरियाणा-122001 हाल मुकाम भोपाल (म.प्र.) (2) श्रीमति संगीता सक्सेना पत्नी श्री नितिन सक्सेना तथा पुत्री स्व. श्री अजीत कुमार दुबे आयु- वयस्क निवासी- बी-63, आकृति गार्डन, नेहरू नगर, करूणाधाम आश्रम के पास, भोपाल (म.प्र.) की ओर से निर्देशित होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि एक किता आवासीय फ्लैट क्रमांक - 203, तृतीय तल, ब्लॉक-बी स्टार, क्षेत्रफल-65 वर्गमीटर है, जो कि भूमि खसरा क्रमांक - 427/2/1/7/1/1, 427/2/1/7/1/2, 427/2/1/7/1/3 427/2/1/7/1/4, 427/2/1/7/1/5, रकबा-1.15 एकड़ एवं खसरा क्रमांक 427/2/1/1, 427/2/1/2, 427/2/1/3, 427/2/1/4, 427/2/1/5, 427/2/1/6, 427/2/1/7/2 रकबा-1.73 एकड़ इस प्रकार कुल रकबा-2.88 एकड़ का अंश भाग होकर स्थित सागर रॉयल हाईट्स, पॉकेट-3 सागर रॉयल विलास, ग्राम- बावड़िया कलां, वार्ड नंबर-53, पटवारी हल्का नंबर-42, तहसील-कोलार (पुरानी हुजूर) जिला-भोपाल मध्यप्रदेश में स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमायें निम्नानुसार है:- दिशा पूर्व में-डापट एवं फ्लैट क्रमांक-204, दिशा पश्चिम में-ओपन, दिशा उत्तर में-ओपन एवं रोड़, दिशा दक्षिण में-कॉरीडोर एवं फ्लैट क्रमांक-201 एवं फ्लैट क्रमांक-202 है उक्त वर्णित संपत्ति का बयाना/टोकन राशि देकर क्रय करने का अनुबंध निष्पादित कर लिया है सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, फर्म, सोसायटी या बैंक संस्था, सरकारी, गैर सरकारी, कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कहीं दान, बंधक, गिरवी, विक्रय, विक्रय अनुबंध, इत्यादि हो तो या उक्त फ्लैट के संबंध में कोई भी पूर्व संव्यवहार हो या किसी का कोई हित फ्लैट में समाहित या आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 05 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में कार्यालीन समय में संपर्क कर लिखित आपत्ति में दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा निश्चित अवधि पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार उक्त संव्यवहार पूर्ण कर भूखण्ड के विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगे सूचित हो ।
पंकज श्रीवास्तव (अधिवक्ता)
कार्या.: ऑफिस नं.बी-7, पटेल मार्केट, मिसरोद, भोपाल
मो. : 9826992948, 8878310080
4096

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण,भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई. डी. नं.1650200073,आवेदन क्रमांक-13694, आवेदन दिनांक-14/10/2026
क्रमांक 2438/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल दिनांक: 23/11/2026
आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक 02 सेक्टर-ए, मेसर्स के.के. राणा एण्ड एसोसिएटस एवं मेसर्स पन्नालाल एण्ड चन्द्रतेखा दोनो भागीदारी के मुख्तारआम श्री डीके गोयल आ. श्री पी.डी. गोयल एवं मेसर्स डी. के. कंस्ट्रक्शन कम्पनी व भागीदारी श्री डी.के. गोयल आ. श्री पी.डी. गोयल द्वारा उक्त भूखण्ड पर निर्मित फ्लेट क्रमांक-309 द्वितीय तल जिसका क्षेत्रफल 375 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 19/04/1996, श्री के. चक्रवर्ती आ. श्री एच.पी. चक्रवर्ती को किया गया। श्री के. चक्रवर्ती द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय दिनांक 30/06/1997, श्री कुमेल अब्बास आ. श्री बन्ने मियां को किया गया। श्री कुमेल अब्बास आ.श्री बन्ने मियां उक्त सम्पति का विक्रय दिनांक 31/01/2000, श्री संजीव परिहार आ. श्री आर.सी. परिहार को किया गया। श्री संजीव परिहार द्वारा पुनः उक्त सम्पति का विक्रय दिनांक 30/12/2000 को श्री शिरिष शिन्दे आ. श्री एकनाथ शिन्दे को किया गया। श्री शिरिष शिन्दे आ.श्री एकनाथ शिन्दे द्वारा पुनः निर्मित फ्लेट क्रमांक-309 द्वितीय तल जिसका क्षेत्रफल 375 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 03/07/2002, श्री अनिल कुमार मिश्रा आ. श्री पारसनाथ मिश्रा को किया गया। श्री अनिल कुमार मिश्रा द्वारा पुनः निर्मित फ्लेट क्रमांक-309 द्वितीय तल जिसका क्षेत्रफल 375 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 06/05/2011, श्रीमती कीर्ति एस सक्सेना पत्नी श्री मयंक सक्सेना को कर विक्रय पत्र पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत पंजीकृत विक्रय एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त फ्लेट क्रमांक-309 द्वितीय तल जिसका क्षेत्रफल 375 वर्गफुट का नामांतरण/नाम सम्मिलित अपने नाम पर वाह्य गया है। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा। उक्त सम्पति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
4097

लोक अभियोजन संचालनालय मध्यप्रदेश
भदभदा रोड भोपाल पिनकोड-462003
कार्यालय का दूरभाष नं. 0755-2771806
E-mail - ppofficebho@mp.gov.in
प्रेस विज्ञप्ति (प्रारूप)
लोक अभियोजन संचालनालय, भोपाल म.प्र. में शासकीय कार्य प्रयोजन हेतु ऑल इन वन कम्प्यूटर एवं मल्टीफंक्शन प्रिंटर क्रय किये जाने हेतु एमप